क्रिकेट | ओएफके जूनियर अंडर-16 लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता

# हिमालयन क्रिकेट अकादमी बनी चैंपियन



**नवभारत, जबलपुर।** खमरिया के ओएफके स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में आयोजित ओएफके जूनियर अंडर-16 लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के रोमांचक फाइनल मुकाबले में हिमालयन अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया है। ओएफके वेस्टलैंड सुभाष ग्राउंड पर जेपी बॉयज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की, लेकिन हिमालयन अकादमी की घातक गेंदबाजी के सामने उनकी टीम निर्धारित 30 ओवर खेले बिना महज 102 रनों पर ऑल आउट हो गई, जिसमें गेंदबाज शुभ तिवारी और कृष्णा सोनी ने 3-3 विकेट चटकाए। जवाब में उतरी हिमालयन अकादमी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए मात्र 12वें ओवर में 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर चैंपियन ट्रॉफी पर कब्जा जमाया, जिसमें आरव पटेल के 27 रन, अनिकेत पटेल के 21 रन और कुशाग्र खरे के 20 रनों का योगदान रहा।

### व्यक्तिगत पुरस्कारों की घोषणा, विजेता टीमें सम्मानित

व्यक्तिगत पुरस्कारों में शुभ तिवारी बेस्ट बॉलर, आरव पटेल बेस्ट बैट्समैन और शौर्य साहू बेस्ट ऑलराउंडर चुने गए। आयुध निर्माणी खमरिया के महाप्रबंधक अशोक कुमार मीणा की अध्यक्षता और मुख्य अतिथि पवन सिंधिया, मनोज ठाकुर, विद्यापति श्रीवास्तव व बृजेश पटेल की उपस्थिति में विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। फाइनल मैच में अंपायरिंग गौरव जनसारी व अपूर्व श्रीवास्तव ने की, जबकि स्कोरिंग व मंच संचालन सुनील खत्री ने किया। पूरे आयोजन को सफल बनाने में प्रतीक खरे, अंकित यादव, रामा राव, भूपेंद्र गोंटिया, निखिल यादव और कमलेश तिवारी सहित स्पोर्ट्स क्लब के साथियों का सराहनीय सहयोग रहा।

## जुआ फड़ पर छापा

**मंडला।** जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध पुलिस की प्रभावी कार्यवाही जारी है। महाराजपुर थाना पुलिस ने मोहनटोला, घंसौर रोड स्थित एक स्थान पर जुआ फड़ पर छापा मारकर चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने जुआरियों के कब्जे से नकदीक, ताश के पत्ते, स्कूटी और मोबाइल फोन सहित कुल 2 लाख 22 हजार 500 रुपये का मशरूका जब्त किया है। महाराजपुर प्रभारी निरीक्षक क्रांति कुमार ब्रह्मे के नेतृत्व में पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम मोहन टोला घंसौर रोड पर कुछ लोग ताश के पत्तों से हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर घेराबंदी कर जुआ रेड मारी गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने चार जुआरियों को पकड़ा। इनमें ग्राम बिछुआ निवासी 27 वर्षीय युवक गोविंद मार्को, संगम कॉलोनी निवासी 49 वर्षीय रमाकांत सिंगौर, संगम कॉलोनी निवासी 42 वर्षीय श्याम सुनेश और ग्राम बिछुआ निवासी 34 वर्षीय युवक निखिल राय शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से 52 हजार 5 रुपये नकद, 52 ताश के पत्ते, लगभग 1 लाख रुपये कीमत की एक स्कूटी और लगभग 70 हजार रुपये कीमत के तीन मोबाइल फोन जब्त किए।



# खालसा स्पोर्ट्स एकेडमी की आसान जीत

हैंडबॉल प्रीमियर लीग प्रतियोगिता

**जबलपुर नवभारत।** 26वीं हैंडबॉल प्रीमियर लीग के दूसरे दिन के मैचेस सनातन धर्म पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल हाथीताल में अनीता साहू पूर्व अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी, शैला मथाई अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी, रणजीत कौर, कुलदीप कौर, शैरिल थॉमस एचओडी ग्लोबल कॉलेज के आतिथ्य में हुए।

पूल ए का पहला मैच खालसा स्पोर्ट्स एकेडमी एवं टीएफआरआई वॉरियर्स के मध्य खेला गया, जिसमें खालसा स्पोर्ट्स एकेडमी ने 24-03 से जीत हासिल की। दूसरा मैच पूल बी में यूटीडी एवं सनातन बॉयज के मध्य खेला गया, जिसमें यूटीडी बॉयज ने 19-07 से जीत हासिल की। बालिका वर्ग में प्रथम मैच यूटीडी. एवं सनातन गर्ल्स के मध्य हुआ, जिसमें सनातन गर्ल्स ने 17-15 से जीत हासिल की।

### ये रहे मैच के निर्णायक

मैच के निर्णायक की भूमिका पलक चंसौरिया एवं महक जायसवाल तथा स्कोरर की भूमिका खुशी बेन, तनवी सतनामी, अंशिका जँघेला,तनुजा सेन ने निभाई। 17 जून को शाम 4 बजे से सनातन धर्म पब्लिक स्कूल के खेल प्रांगण में ही खेले जावेंगे। उक्त प्रतियोगिता का संचालन विश्वामित्र अवॉर्डी हरमिंदर सिंह ढिल्लो एवं जगपाल सिंह ढिल्लो द्वारा किया जा रहा है।



# खिलाड़ियों ने महेन्द्र तिवारी को दी श्रद्धांजलि

**नवभारत,जबलपुर।** वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी योगेन्द्र तिवारी के अनुज जबलपुर शहर के हरफनमौला क्रिकेट खिलाड़ी, पूर्व रणजी ट्रॉफी, जबलपुर सम्भागीय सीनियर क्रिकेट टीम के सदस्य, सेंट्रल एक्साईज रायपुर से सेवानिवृत्त महेन्द्र तिवारी का निधन 4 जून को रायपुर में हो गया था। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 16 जून मंगलवार को स्थानीय रानीताल क्रिकेट स्टेडियम में शाम 5:3 बजे से शोक-सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा का संचालन पवन सिंघिया द्वारा किया गया। इसमें शहर के पूर्व खिलाडियों ने उपस्थित होकर स्व. महेंद्र तिवारी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की एवं श्रद्धासुमन अर्पित किये।

### इनकी रही उपस्थिति

शोक सभा में जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ के चेयरमैन मनोज राय, सचिव सुशील रजक, प्रशांत द्विवेदी, पवन सिंघिया, राजेंद्र सिंह ठाकुर, जबलपुर क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष मनोज सिंह ठाकुर, सचिव शरद चौहान, विद्यापति श्रीवास्तव, नितिन शर्मा, याकूब खान, अमन खान, शानू यादव, गोलू जैन, गोपाल दत्त जोशी, सुबोध धांडे, बल्ली सोनकर, सुकेश झा, शशांक कोष्टा, अग्रज शर्मा, निखिल सिंह, हरीश परिहार, प्रतीक खरे, अभिषेक तांबे, सचिन साहू, राजेश केसरवानी, शिशिर उपाध्याय, मदन दिक्षित, ब्रजमोहन धुर्वे एवं क्लबों के बच्चों आदि ने उपस्थित होकर स्व. महेन्द्र तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## बेटी की मौत को बीते दो महीने, पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप

**मंडला।** जिला मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई में एक गंभीर मामला सामने आया है। जिसमें परिजनों का आरोप है कि घटना को दो महीने बीत चुका है, लेकिन पुलिस द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई या पूछताछ नहीं की गई है। शिकायती पत्र में प्रार्थी शिव बैरागी ने 24 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसके बाद 29 मार्च को भूमिका का शव कुंभ स्थल पर रेत में दबा हुआ मिला था। हैरान करने वाली बात यह है कि उसी स्थान से कुछ ही दूरी पर मंगल नंदा नामक एक लड़के का शव भी फांसी पर लटका हुआ पाया गया था, जो कि 24 मार्च से अपने घर से गायब था। पीड़ित परिवार ने इस मामले में हत्या की गहरी आशंका व्यक्त की है। शिकायत के अनुसार स्थानीय लोगों के माध्यम से परिजनों को पता चला था कि 23 मार्च की रात करीब 9.30 बजे महाराजपुर निवासी मोहित राय नामक युवक नाबालिग लड़की को अपनी कार में बिठाकर ले गया था।

# जीसीएफ मैदान में क्रिकेट नेट और बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन




**नवभारत, जबलपुर।** जीसीएफ के विद्यानगर मैदान में कर्मचारियों के खेल व शारीरिक विकास के लिए क्रिकेट प्रैक्टिस नेट एवं बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जीसीएफ के मुख्य महाप्रबंधक ऋतुराज द्विवेदी ने की। स्पोर्ट्स ऑफिसर उदयवीर के विशेष सहयोग से निर्मित इन सुविधाओं का विधिवत शुभारंभ हुआ। कर्मचारियों की पुरानी मांग पर मजदूर संघ, हथौड़ा समर्थित कार्य समिति द्वारा इस विषय को लगातार प्रबंधन के समक्ष उठाने के सकारात्मक परिणाम स्वरूप यह उद्घाटन संभव हो सका।

### खेल संस्कृति को बढ़ावा देने की पहल

मुख्य महाप्रबंधक द्विवेदी के अनुसार खेल गतिविधियां कर्मचारियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, जिससे कर्मचारियों व परिवारों में खेल रुचि बढ़ेगी और नई प्रतिभाओं को अवसर मिलेगा। कर्मचारियों ने इसे महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। मजदूर संघ, हथौड़ा समर्थित कार्य समिति ने प्रबंधन व स्पोर्ट्स विभाग का आभार जताते हुए कर्मचारी हित के मुद्दे प्राथमिकता से उठाने का संकल्प दोहराया। यह पहल जीसीएफ में खेल सुविधाएं बेहतर करने की दिशा में बड़ा कदम है। कार्यक्रम में महाप्रबंधक राहुल चौधरी, स्पोर्ट्स सेक्रेटरी कुलवीर पांडे, अमित शर्मा, अजय पांडे, अमित उपाध्याय, मिथुन और सुनील सिंह उपस्थित रहे।

## लखबीर सिंह छाबड़ा का निधन



**नवभारत, जबलपुर।** रामपुर नया गांव निवासी और सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहने वाले लखबीर सिंह छाबड़ा (लक्खू भैया) का सुबह 4 बजे दिल का दौरा पड़ने से 68 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज बुधवार 17 जून को सुबह 1:3 बजे उनके निज निवास स्थान से उनकी निकलेगी, जो गुप्तेश्वर मुक्तिधाम जाएगी। वह अधिवक्ता हरजस सिंह, फतेह सहज सिंह, गुरलीन कौर के पिता और बलबीर सिंह व दलजीत सिंह के भाई थे।

# पंचायत भवन पर ताला लगाने की दी चेतावनी

**भुआबिछिया।** विकासखंड भुआबिछिया की ग्राम पंचायत ककैया के पोषक ग्राम कछारी में सरपंच और उपसरपंच की कथित मनमानियों और भ्रष्टाचार को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा है। ग्रामीणों ने एकजुट होकर जन आक्रोश प्रस्ताव पारित किया है और जिला कलेक्टर व जिला दंडाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर निर्माण कार्यों में हो रहे भ्रष्टाचार और अवैध रेत उत्खनन की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही निर्माण कार्यों को बंद कर उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो वे पंचायत भवन में तालाबंदी करेंगे।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम कछारी में ग्राम पंचायत द्वारा कराए जा रहे कई विकास कार्य गुणवत्ताहीन और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाए हैं कि शमशान घाट सड़क निर्माण कार्य में पंचायत द्वारा भारी लापरवाही बरतते हुए पूरी तरह से गुणवत्ताहीन और घटिया स्तर का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। मुक्तिधाम रोड पर ठेकेदार ओमप्रकाश एवं उपसरपंच शिवप्रकाश द्वारा दो ऐसी पुलियाओं का निर्माण कराया जा रहा है जिनकी वहां कोई आवश्यकता ही नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना जरूरत जबरन पुलिया बनाकर शासकीय राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है, जिससे आगामी बरसात में गांव में भारी बाढ़ का खतरा पैदा हो जाएगा। इसके साथ ही प्राथमिक शाला कछारी में बनाई जा रही बाउंड्रीवाल का निर्माण बिना कॉलम के ही किया जा रहा है, जो बेहद कमजोर और असुरक्षित है।

### सुरपन नदी से किया जा रहा अवैध रेत उत्खनन

शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पिछले चार वर्षों से सुरपन नदी से अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर उसका भंडारण और विक्रय किया जा रहा है। इस अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों द्वारा नदी का सीना छलनी करने से गांव का जलस्तर लगातार नीचे गिर रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब उन्होंने इस पर आपत्ति जताई, तो उन्हें डराया-धमकाया गया। इतना ही नहीं विगत 13 जून को जब ग्रामीणों ने अवैध उत्खनन रोकने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने ग्रामीणों के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश की, जिससे ग्रामीणों ने बमुश्किल भागकर अपनी जान बचाई।

### सरपंच-सचिव शिकायत पर नहीं दे रहे ध्यान

ग्रामीणों का कहना है कि जब उन्होंने इन समस्याओं को लेकर सरपंच से बात की, तो उनके द्वारा ग्रामीणों को डराने और झूठे केस जिसमें एससी-एसटी एक्ट की धाराओं में फंसाने की धमकी दी गई। इस संबंध में जब ग्रामीणों ने जनपद पंचायत के सीईओ से संपर्क साधने की कोशिश की तो उनसे बात नहीं हो सकी।

# नुक्कड़ नाटक कर डिजिटल बैंकिंग धोखाधड़ी से बचाव का पढ़ाया पाठ

**भुआबिछिया।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नागरिकों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने और सुरक्षित बैंकिंग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड बिछिया और घुघरी के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में सीएफएल सेंटर बिछिया एवं समर्पित संस्था द्वारा एक अनूठी पहल की गई है। इस विशेष अभियान के तहत ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए मनोरंजक और ज्ञानवर्धक नुक्कड़ नाटकों का सहारा लिया जा रहा है, जो ग्रामीणों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

संस्था के समर्पित स्टाफ द्वारा विकासखंड बिछिया के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खमरोटी, ग्राम पंचायत रामनगर, ग्राम पंचायत नकावल तथा विकासखंड घुघरी की ग्राम पंचायत जुनवानी व टिकरिया में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन शिविरों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बेहद सरल अंदाज में ग्रामीणों को केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जिसमें प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के बारे में विस्तार से बताया गया और उन्हें इन योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

### धोखाधड़ी से बचाव के सिखाए गुर

शिविर के दौरान मौजूद ग्रामीणों और बैंक ग्राहकों को वर्तमान समय में बढ़ रहे ऑनलाइन और डिजिटल बैंकिंग फ्रॉड से बचने के उपाय सिखाए गए। अधिकारियों ने ग्रामीणों को आगाह किया कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी, बैंक पासवर्ड या पिन शेयर न करें। इसके साथ ही बैंक ऑफ महाराष्ट्र के सहयोग से ग्रामीणों को विभिन्न बैंकिंग योजनाओं और आसान ऋण प्रक्रियाओं की महत्वपूर्ण जानकारियां भी प्रदान की गईं।

चोरी | आंगन में सोता रहा परिवार, चोरों ने दीवार तोड़कर साफ किए गहने

# मझगांव में घर की दीवार तोड़कर लाखों के जेवरात पार



**नारायणगंज/मंडला।** जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मझगांव पोतला में बीती रात चोरों ने एक बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने शातिर तरीके से घर की खिड़की की दीवार तोड़कर भीतर प्रवेश किया और दो अलमारियों के लॉक तोड़कर भारी मात्रा में सोने और चांदी के जेवरात चोरी कर लिए।

जानकारी अनुसार घटना पोतला निवासी हरे सिंह पिता हीरा सिंह पंद्रे के घर पर रात करीब 11 बजे से सुबह 4 बजे के बीच घटित हुई। गर्मी के कारण हरे सिंह और उनका पूरा परिवार घर के आंगन में सो रहा था। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने घर के एक खाली कमरे की खिड़की की दीवार को ढहा दिया। चोरों ने कमरे के अंदर रखी दो अलमारियों और एक पुरानी पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखे कीमती आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जब परिवार के लोग जागे और कमरे के अंदर गए, तो अलमारियों के ब्लॉक टूटे हुए और सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए।

**चोरों ने सोने, चांदी के आभूषण किये पार-** पीड़ित परिवार द्वारा टिकरिया थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज करा दी है। रिपोर्ट में बताया गया कि घर से चोरी गए सामान में बड़ी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण शामिल हैं। जिसमें एक जोड़ी झुमकी, एक जोड़ी झाले, एक छोटा मंगलसूत्र, एक बड़ा मंगलसूत्र, चार अंगूठी और दो सोने की लौंग शामिल है। चांदी के जेवर में दो छोटी पायल, दो बड़ी पायल, चार बाजे, चार अंगूठी, दो जोड़ी कंगन, एक हाफ करधन, एक बड़ी करधन, 3 जोड़ी बिछिया, दो अंगूठी बिछिया, दो जोड़ी पायल और एक बड़ी पायजेब है।

**मौके पर पहुंची पुलिस, जांच शुरू-** घटना की सूचना मिलते ही टिकरिया थाना प्रभारी प्रदीप पांडे, सब-इंस्पेक्टर श्री ताराम और पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं और अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस दौरान मौके पर ग्राम सरपंच गुंजन भारतीया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। पुलिस का कहना है कि चोरों की तलाश के लिए जल्द ही संदिग्धों से पूछताछ की जाएगी।


**पश्चिम मध्य रेल**

**ई-ऑक्शन रद्द सूचना**

**वाणिज्य विभाग , जबलपुर मंडल**

पूर्व में पत्र क्र जबल/सी/170/ई-ऑक्शन/विविध/पार्किंग/26 दिनांक: 05.06.2026 के अंतर्गत निकाली गई निविदा जिसका लॉट क्र. PARKING-JBP-GAR-MX-73-26-1, (ऑक्शन प्रांरभ एवं समाप्ति की तिथि 18.06.2026 थी) को तकनीकि कारणवश रद्द किया गया है।

**संशोधित ई-ऑक्शन सूचना**

**क्र. जबल/सी/170/ई-ऑक्शन/विविध/पार्किंग/26 दिनांक: 15.06.2026**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवम् उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई-बोली आमंत्रित करता है। **Category:** पार्किंग, **Catalogue No.:** JBP-Parking-26-2, **Lot No.**: PARKING-JBP-GAR-MX-73-26-2 (Parking-Mixed), **Asset Details:** गाडरवारा स्टेशन पर दो पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग स्थल केवल तीन वर्षों के लिये।, **Auction Start:** 29.06.26, 12:30 hrs, **Auction End:** 29.06.26, 13:00 hrs. संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध हैं कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर E-Auction Leasing मॉड्यूल देखे। लॉट-वार विवरण उपयुक्त कैटलांग के तहत उपलब्ध हैं। ई-बोली सूचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध हैं।

हस्ता.
कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य),
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

**//तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | PRO No. 312 Date- 16/06/2026<br>Tender ID No.- 2026_UAD_514784_1 | संभाग क्र. 09 लालमाटी अंतर्गत नाली कवर, जालीं लगाना, फुटपाथ मरम्मत, पेंटिंग, सीमेंटीकरण एवं अन्य आवश्यक कार्य। | 04 माह<br>6.87/- | 2000/-<br>6875/- | 25/06/2026 |

**नोटः-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। **कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम जबलपुर**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**

**निविदा सूचना**

N.I.T.No./PWD/e-tendering/PRO/311 Date : 16/06/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_515391_1<br>16/06/2026 | सं.क्र.-11 अंतर्गत डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड 43 के ईसाई कब्रिस्तान के पास, कांचघर कालोनी, छुई खदान, बर्न कंपनी, कांचघर नई बस्ती, पुरानी बस्ती आदि स्थानों पर नाली निर्माण कार्य। (पार्षद मद) | 02 माह<br>₹.8.31 लाख | ₹.2000/-<br>₹.8314/- | 03/07/2026 |
| 2. | 2026_UAD_515391_2<br>16/06/2026 | सं.क्र.-11 अंतर्गत रानी लक्ष्मी बाई वार्ड 66 में स्थित दादा रोहाणी सामुदायिक भवन मॉडल टाउन बिलहरी का उन्नयन कराने का कार्य।(अध्यक्ष मद) | 02 माह<br>₹.8.13 लाख | ₹.2000/-<br>₹.8130/- | 03/07/2026 |
| 3. | 2026_UAD_515391_3<br>16/06/2026 | सं.क्र.-11 अंतर्गत सुभाषचंद्र बेनर्जी वार्ड 65 में जहांगीर अपार्टमेंट रेसीडेंट एवं बुड स्टाप अपार्टमेंट सोसायटी की क्षतिग्रस्त सड़क एवं नाला निर्माण कार्य। (महापौर मद) | 02 माह<br>₹.7.89 लाख | ₹.2000/-<br>₹.7893/- | 03/07/2026 |

**नोटः-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। **कार्यपालन यंत्री नगर निगम जबलपुर**